**कार्यालय नगर निगम देहरादून**
**(ई–निविदा)**

नगर निगम, देहरादून द्वारा वित्तीय वर्ष 2023–24 हेतु नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत स्थित बड़े एवं मध्यम नालों की सफाई उपरान्त निकलने वाले कूड़े को निर्धारित स्थल पर निस्तारित करने हेतु "तकनीकी बिड" व "वित्तीय बिड" के आधार पर ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 29.03.2023 से उत्तराखण्ड की ई–निविदा साईट **www.uktenders.gov.in** मे देखी जा सकती है।

नगर आयुक्त, नगर निगम देहरादून

# कार्यालय नगर निगम, देहरादून।

(का0– 0135–2714074:फैक्स– 0135–2651060: ई–मेल– (nagarnigam.ddn@gmail.com)

दिनांकः 27/3/2023

पत्रांकः 2528 (H)

**प्रतिलिपिः–**

1. सम्पादक, द पाईनियर, समाचार पत्र को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को अपने समाचार पत्र के देहरादून संस्करण में आगामी अंक में कम से कम स्थान में प्रकाशित करते हुए निर्धारित छूट के साथ समाचार पत्र की दो प्रति निःशुल्क बिल के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करने का कष्ट करे।
2. सम्पादक, राष्ट्रीय सहारा, समाचार पत्र को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को अपने समाचार पत्र के देहरादून संस्करण में आगामी अंक में कम से कम स्थान में प्रकाशित करते हुए निर्धारित छूट के साथ समाचार पत्र की दो प्रति निःशुल्क बिल के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करने का कष्ट करे।
3. श्री मनीष पन्त आई0 टी0 आफिसर को इस निर्देश के साथ कि उक्त टेण्डर सूचना ई–निविदा बैबसाइट एवं नगर निगम, देहरादून की बैबसाइट में डालना सुनिश्चित करें।
4. नगर निगम, देहरादून नोटिस बोर्ड पर चश्पा हेतु।

मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी
नगर निगम देहरादून।

AnyScanner

## अल्प कालीन ई–निविदा दस्तावेज

नगर निगम देहरादून सीमान्तर्गत स्थित बड़े एवं मध्यम नालों की सफाई हेतु ई–निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय [illegible] की शर्ते

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा डालने एवं खोलने की तिथि एवं समय | • ई–निविदा प्रकाशित करने की तिथि 28 / 03 / 2023<br>• ई–निविदा अपलोड करने की तिथि 29 / 03 / 2023<br>• ई–निविदा डाउनलोड की अन्तिम तिथि 09 / 04 / 2023<br>• ई–निविदा डालने की अन्तिम तिथि 10 / 04 / 2023<br>• ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय 11 / 04 / 2023 |
| 2 | कार्य का नाम | नगर निगम, देहरादून द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण–2023 के दृष्टिगत निगम देहरादून सीमान्तर्गत स्थित बड़े एवं मध्यम नालों की सफाई हेतु ई–निविदा । |
| 3 | कार्य का विवरण | नदी / नालों की सफाई हेतु निम्नानुसार मानव / संसाधनों के द्वारा कार्य कराया जाना प्रस्तावित है।<br><br>• नगर निगम क्षेत्रानतर्गत नगर निगम द्वारा निर्धारित नदी / नालों की सफाई के कार्य की अवधि वर्ष 2023–2024 में माह अप्रैल से बरसात से पूर्व जुलाई तक किया जाना होगा।<br>• नगर निगम क्षेत्रानतर्गत नगर निगम द्वारा निर्धारित नदी / नालों से एम0एस0डब्लू0 (Municipal Solid Waste) (ठोस कूड़ा / कचरा) की सफाई।<br>• नदी / नालों की सफाई का कार्य SWM Rules 2016 के अनुसार करना अनिवार्य होगा।<br>• कूड़ा निस्तारण के दौरान जो कूड़ा उठान कराया जायेगा उसको धर्मकॉटा (नगर निगम एवं राजकीय संस्था द्वारा अनुबंधित धर्मकाटा) से मापन के पश्चात प्राप्त रसीदों को प्रति सप्ताह प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।<br>• रिपोर्टिंग के रूप में नदी / नालों की सफाई की प्रति दिन की फोटोग्राफ (Time stamp & GPS location enabled) संलग्न करना अनिवार्य होगा। फोटोग्राफ एवं विडियों रिकार्डिंग की सूची नगर निगम में प्रति सप्ताह प्रस्तुत करनी होगी।<br>• स्वच्छ भारत मिशन के दिशा–निर्देशों के अनुसार नदी / नालों की सफाई हेतु कर्मचारी एवं उपकरण जैसे (JCB, Tractor Trolley, Dumper, Bobcat etc) की व्यवस्था स्वं सफल निविदादाता द्वारा |

मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी
नगर निगम, देहरादून

AnyScanner

| | | |
|---|---|---|
| | | करना अनिवार्य होगा।<br>• कूड़ा निस्तारण के दौरान ट्रकेटर ट्रौली को ढक कर (covered) ले जाना अनिवार्य होगा। कूड़ा निस्तारण नगर निगम, देहरादून के बतायें गयें निर्धारित स्थान पर ही निस्तारण करना है।<br>• नदी/नालों की सफाई हेतु कर्मचारियों को (PPE Kit, mask, gloves,gumboots etc) को प्राप्त कराना अनिवार्य होगा। यदि उक्त साम्रगी कर्मचारियों को प्राप्त नही करायी जाती है तो निविदादाता पर अर्थदण्ड की कार्यवाही होगी। |
| 4 | निविदा हेतु पात्रता/अर्हता | • निविदादाता फर्म/पते का प्रमाण पत्र संलग्न<br>• निविदादाता फर्म का पंजीकरण प्रमाण पत्र<br>• निविदादाता के पास पेन कार्ड, जी0एस0टी0 पंजीकरण होना अनिवार्य है।<br>• निविदादाता फर्म किसी संस्था से ब्लैक लिस्टेड न हो का शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।<br>• निविदादाता फर्म को न्यूनतम 03 वर्षो का कार्य अनुभव के आवश्यक प्रपत्र संलग्न करना अनिवार्य है। या नाला/नदी से मलवा/कूड़ा सफाई का रू0 50,00,000/-(पचास लाख रूपये) से अधिक संतोषजनक कार्य करने का प्रमाण पत्र किसी भी सरकारी/नगर निकाय का होना अनिवार्य है। समान कार्य के अनुभव का अर्थ है, जैसे की नदी/नालों की सफाई का कार्य।<br>• निविदादाता फर्म के विरूद्ध कोई कानूनी विवाद न हो का शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।<br>• निविदादाता कम्पनी/फर्म का सी0ए0 द्वारा प्रमाणित विगत तीन वर्षो( 2019-20, 2020-21 एवं 2021-22) का टन ओवर प्रत्येक वर्ष कम से कम 1.5 करोड हो प्रपत्र संलग्न करना अनिवार्य है। विगत 03 वर्षो में से किन्हीं एक वर्ष का रू0 50,00,000/-(पचास लाख रूपये) तक का टर्न ओवर उपरोक्त दिये गये कार्य के प्रवृत्ति का होना आवश्यक है।<br>• निविदादाता फर्म द्वारा वित्तीय वर्ष 2019-20, 2020-21 एवं 2021-22 का आयकर रिर्टन संलग्न करना अनिवार्य है। |
| 5 | शर्ते एवं नियम | • कार्य के लिए अग्रिम भुगतान नहीं किया जायेगा।<br>• सर्शत ओवरराइटिंग वाली निविदा पर कोई विचार न कर ऐसी निविदा को निरस्त माना जायेगा। |

मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी
नगर निगम, देहरादून

AnyScanner

| | | |
|---|---|---|
| | | • निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार नगर आयुक्त, नगर निगम देहरादून को होगा।<br>• निविदा में तकनीकी मूल्यांकन के आधार पर निविदा समिति द्वारा सफल पाये गये निविदा दाताओं की ही वित्तीय निविदा खोली जायेगी।<br>• वित्तीय दरों में अंकों आदि में किसी भी प्रकार का संशय होने पर शब्दों में प्रदान की दरों को माना जायेगा अथवा इस प्रकार जिससे नगर निगम देहरादून का हितसाधन हो पढ़ा/व्याख्या किया जायेगा।<br>• निविदादाता व नगर निगम देहरादून के मध्य विवाद होने पर विवाद क्षेत्र जिला न्यायालय देहरादून होगा। |
| 6 | ई–निविदा शुल्क | ई–निविदा फार्म शुल्क रू0 5000+900(जी0एस0टी0)/– ,रू0 5900 ( जी0एस0टी0 सहित ) |
| 7 | धरोहर राशि | • निविदा हेतु धरोहर राशि के रूप में रू0 10,00,000 /–दस लाख) एफ0डी0आर/डिमांड ड्राफ्ट/बैंक गारण्टी एवं सी0डीआर0 दिया जाना होगा जो **वरिष्ठ वित्त अधिकारी, नगर निगम, देहरादून** के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है। |
| 8 | कार्यपूर्ति प्रतिभूति | • उक्त ई–निविदा की दरें एक वर्ष के लिये मान्य होगी। प्रथम वर्ष (2023–24) में कार्य संतोषजनक होने पर ही दूसरे वर्ष (2024–25) में कार्य आदेश देने पर विचार किया जायेगा।<br>• अनुबंध के सम्यक रूप से निष्पादन को सुनिश्चित करने के लिए सफल निविदादाता फर्म जिसके पक्ष में अनुबंध दिया गया हो, से कार्यपूर्ति प्रतिभूति ली जायेगी। अनुबंध में निहित धनराशि के मूल्य को दृष्टिगत रखते हुए कार्यपूर्ति अनुबंध मूल्य के 5 प्रतिशत होगी, कार्यपूर्ति प्रतिभूति वार्णिज्य बैंक से निर्गत आदाता के नाम डिमान्ड ड्राफ्ट, सावधि जमा रसीद या बैंक गारन्टी के मूल्य में निविदा प्राधिकारी को प्रस्तुत करेगा।<br>• कार्यपूर्ति प्रतिभूति प्रति माह प्रस्तुत एवं स्वीकृत बिल में से 5 प्रतिशत काट लिया जायेगा। निविदादाता द्वारा प्रस्तुत धरोहर राशि को कार्यपूर्ति प्रतिभूति में समायेजित किया जायेगा।<br>• कार्यपूर्ति धरोहर निविदा दाताओं के संविदा से सम्बन्धित सभी दायित्व सम्मिलित है। कार्य अवधि पूर्ण होने के दिवस से 60 दिवस तक वैध होना आवश्यक है।<br>• सफल निविदादाता द्वारा कार्यपूर्ति प्रतिभूति धरोहर प्रस्तुत करने के बाद उसकी निविदा धरोहर वापस कर दी |

मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी
नगर निगम, देहरादून

AnyScanner

| | | |
|---|---|---|
| | | जायेगी। |
| 9 | कार्य क्षेत्र | • उक्त कार्य नगर निगम क्षेत्र में स्थित बड़े एवं मध्यम नालों में की जानी है।<br>• कार्य का समय एवं दिवस, नगर निगम, देहरादून द्वारा निर्धारित किया जायेगा।<br>• उक्त कार्य अवकाश दिवस में भी संचालित किया जा सकता है। |
| 10 | निविदा विधि | • ई–निविदा हेतु दो प्रस्ताव प्रणाली आमंत्रित की जा रही है, जिसमें प्रस्ताव–एक में निविदा से सम्बन्धित दस्तावेज/शपथ पत्र/धरोहर राशि/टेण्डर फीस एवं कार्य से सम्बन्धित विवरण उपलब्ध कराये जायेंगे। एवं प्रस्ताव–दो में वित्तीय प्रस्ताव प्रस्तुत किया जायेगा जो कि ई–निविदा पोर्टल पर अपलोड किया जाना अनिवार्य है। निविदा की तकनीकी दस्तावेजो की हार्ड कॉपी निविदा डालने की अंतिम तिथि तक नगर निगम, देहरादून मे जमा कराना अनिवार्य है। |
| 11 | वित्तीय प्रस्ताव | • न्यूनतम दरें के आधार निविदादाता फर्म का चयन किया जायेगा।<br>• निविदा हेतु पात्रता/अर्हता में सफल निविदादाताओं का वित्तीय बिड खोली जायेगी। |
| 12 | भुगतान प्रक्रिया | • प्रत्येक माह कार्य के उपरान्त बिल प्रस्तुत करने पर अगले माह के 15 दिवसों में भुगतान की कार्यवाही की जायेगी।<br>• नगर निगम द्वारा निविदादाता के साथ अनुबंध की शर्तो के अनुसार भुगतान किया जायेगा।<br>• नगर निगम स्तर पर अपरिहार्य कारणों से भुगतान में विलम्ब होने पर निविदादाता द्वारा कार्य नहीं रोका जायेगा।<br>• कार्य संतोष जनक/बिलों के सत्यापन के उपरान्त ही भुगतान किया जायेगा।<br>• तकनीकी कारणों से भुगतान में विलम्ब होने पर फर्म द्वारा कारणों के निस्तारण किये जाने के बाद शीघ्र भुगतान की कार्यवाही की जायेगी।<br>• नालों की सफाई के कार्य की मॉनिटरिंग एवं कार्य का भौतिक सत्यापन क्षेत्रीय सुपरवाईजर/सफाई निरीक्षक द्वारा किया जायेगा। कार्य का फोटोग्राफ (Time stamp & location enabled) एवं विडियों रिकार्डिंग करना अनिवार्य होगा, जिसकी प्रतियों को भुगतान के समय प्रेषित करना होगा।<br>• कूड़ा निस्तारण के लिए प्रति मीट्रिक टन एवं |

मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी
नगर निगम, देहरादून

AnyScanner

| | | |
|---|---|---|
| | | अनुबंधित धर्मकाटा) से प्राप्त रसीदों के सापेक्ष भुगतान किया जायेगा।<br>• कार्य की प्रगति के अनुसार भुगतान किया जायेगा जिस हेतु ठेकेदार द्वारा साप्ताहिक/ पाक्षिक/मासिक भुगतान के सम्बन्ध स्पष्ट उल्लेख करना होगा। |
| 13 | अर्थदण्ड प्रक्रिया (Penalty) | • कार्य आदेश/अनुबंध का निरन्तर उलंघन करने पर समानुपातिक कटौती की जायेगी अथवा अनुबंध निरस्त करने पर विचार किया जा सकता है।<br>• निविदा स्वीकृत होने वाली फर्म/ठेकेदार द्वारा कार्य संतोष जनक रूप से नहीं करने अथवा कार्य में शिथिलता बरतने पर ठेकेदार के भुगतान से रू0 10,000/-(दस हजार रूपये) प्रतिदिन कटौती की जायेगी। |
| 14 | विवाद की स्थिति | • फर्म तथा नगर निगम के मध्य कोई विवाद होने पर उसका निपटारा नगर निगम स्तर पर किया जायेगा।<br>• किसी भी प्रकार के विवाद होने की स्थिति में न्याय क्षेत्र नगर निगम देहरादून होगा। |
| 15 | निविदा स्वीकार/ स्वीकृति | • किसी भी निविदा को स्वीकृत करने अथवा बिना कारण बताये अस्वीकृत करने का अधिकार नगर आयुक्त नगर निगम, देहरादून के पास सुरक्षित है। यह आवश्यक नहीं है कि न्यूनतम अथवा अन्य निविदा स्वीकार ही की जाये।<br>• दरें स्वीकृत होने पर निविदादाता को कार्य करने से पूर्व 100/-रूपये के स्टाम्प पेपर पर अनुबंध करना होगा। |
| 16 | कार्य आदेश | • यदि कोई निविदादाता कार्य आदेश के बाद निर्धारित समय में कार्य प्रारम्भ नहीं करता अथवा संतोष जनक रूप से कार्य नहीं करता अथवा शर्तो का उलंघन करता है तो निविदादाता की धरोहर राशि जब्त करते हुए उसका अनुबंध एवं निविदा को निरस्त किया जायेगा अथवा फर्म को ब्लैक लिस्ट किया जा सकता है। |
| 17 | कार्य अवधि | • उक्त कार्य की अवधि माह अप्रैल 2023 से जून 2023 तक होगी। कार्य संतोषजनक पाये जाने पर समिति की सहमति से कार्य अवधि/अनुबंध को दो वर्षो के लिए आगे बढ़ाया जा सकता है। |
| 18 | विलम्ब से प्राप्त निविदा | • देर से प्राप्त (निर्धारित तिथि एवं समय के बाद) निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा। |
| 19 | समीक्षा समिति | • नगर आयुक्त, नगर निगम, देहरादून की अध्यक्षता में निम्नानुसार उक्त कार्य की समीक्षा समिति गठित की जायेगी<br>• नगर आयुक्त/नामित अधिकारी-अध्यक्ष |

मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी
नगर निगम, देहरादून

AnyScanner

| | | |
|---|---|---|
| | | • मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी–सदस्य<br>• वरिष्ठ वित्त अधिकारी–सदस्य<br>• अधिशासी अभियन्ता–सदस्य |
| 20 | ई–निविदा का प्रकाशन | • ई–निविदा उत्तराखण्ड ई–निविदा पोर्टल www.uktenders.gov.in पर प्रकाशित किया जायेगा, इसके साथ नगर निगम की बेबसाइट www.nagarnigamdehradun.Com पर भी उपलब्ध रहेगा।<br>• ई–निविदा प्रक्रिया में विस्तार एवं किसी भी प्रकार के परिवर्तन होने की दशा में ई–निविदा पोर्टल पर शुद्धि पत्र प्रकाशित किया जायेगा। |

मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी
नगर निगम, देहरादून

## प्रपत्र (1) तकनीकि निविदा

### निविदा प्रपत्र के साथ निविदादाता द्वारा स्वप्रमाणित कर अपलोड किये जाने वाले अनिवार्य दस्तावेज

| क्र.सं. | तकनीकी निविदा का विवरण |
|---|---|
| 1 | निविदादाता का नाम व पता या व्यापार करने का स्थान, टेलीफोन नम्बर की छायाप्रति |
| 2 | जी0एस0टी0 पंजीकरण प्रमाण पत्र |
| 3 | पैन कार्ड |
| 4 | प्रत्येक निविदा के साथ निविदा धरोहर राशि के रूपये 10 लाख FDR/DD/BG के रूप में **वरिष्ठ वित्त अधिकारी** के नाम से दिया जाना होगा । |
| 5 | निविदा शुल्क 5000+900(जी0एस0टी0)/– ,रू0 5900 ( जी0एस0टी0 सहित )का डिमाड ड्राफ्ट। |
| 6 | निविदादाता कम्पनी/फर्म का सी0ए0 द्वारा प्रमाणित विगत 03 वर्षो की बैलेन्स सीट एवं विगत 03 वर्षो में से किन्हीं एक वर्ष का रू0 50,00,000/–(पचास लाख रूपये) तक का टर्न ओवर इसी कार्य के प्रवृत्ति का होना आवश्यक है। |
| 7 | निविदादाता कम्पनी/फर्म का सी0ए0 द्वारा प्रमाणित विगत 03 वर्षो का कुल टर्न ओवर 4.5 करोड़ एवं 1.5 करोड प्रतिवर्ष से कम न हो । |
| 8 | निविदादाता फर्म/कम्पनी द्वारा विगत 03 वर्षों कर आयकर विवरण । |
| 9 | नविदादाता फर्म को न्यूनतम 03 वर्षो का कार्य अनुभव के आवश्यक प्रपत्र संलग्न करना अनिवार्य है। या नाला/नदी से मलवा/कूड़ा सफाई का रू0 50,00,000/–(पचास लाख रूपये) से अधिक संतोषजनक कार्य करने का प्रमाण पत्र किसी भी सरकारी/नगर निकाय का होना अनिवार्य है। |
| 10 | निविदादाता द्वारा देशभर में किसी भी सरकारी विभाग /नगर निकाय में ब्लैक लिस्टेड नही होने का शपथ–पत्र रू0 100/–के नॉन जूडिसियल स्टाम्प पेपर पर देना होगा। |

मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी,
नगर निगम, देहरादून।

मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी
नगर निगम, देहरादून